इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2022

हाल ही में **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)** द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन पैटर्न पर इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2022 नाम से एक रिपोर्ट जारी की गई।

रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु:

- **वैश्विक परिदृश्य:**
  - **कोविड-19 संकट के कारण वर्ष 2020 में भारी कमी के बाद OECD देशों में स्थायी प्रवास के मामले में वर्ष 2021 में 22% की वृद्धि हुई है।**
  - वर्ष 2021 में पारिवारिक प्रवास में 40% की वृद्धि के साथ यह प्रवास की सबसे बड़ी श्रेणी बनी रही और कुल 10 स्थायी प्रवासियों में से चार से भी अधिक OECD में प्रवासित हुए।
  - मुक्त गतिशीलता क्षेत्रों में प्रवासन महामारी से कम प्रभावित हुआ था, फिर भी वर्ष 2020 में 17% की गिरावट आई।
  - वर्ष 2020 में OECD में 4.4 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी नामांकित थे, जो कुल टर्शियरी विद्यार्थियों (tertiary students) का 10% थे। सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी संयुक्त राज्य अमेरिका (22%), यूनाइटेड किंगडम (13%) और ऑस्ट्रेलिया (10%) में हैं।
  - **संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2021 (83,4000) में स्थायी अप्रवासियों की सबसे बड़ी संख्या** देखी गई, यह वर्ष 2020 की तुलना में 43% अधिक और वर्ष 2019 की तुलना में 19% कम है। स्थायी प्रवास के मामले में यूरोपीय संघ (+15%) में वृद्धि की स्थिति कम स्पष्ट थी।
- **भारतीय परिदृश्य:**
  - OECD देशों में विदेशी छात्रों की सबसे बड़ी हिस्सेदारी **चीन (22%) और भारत (10%)** की है। 20-29 आयु वर्ग की दुनिया की **लगभग एक-तिहाई आबादी इन दोनों देशों** में रहती है।
  - **वर्ष 2015 में शिक्षा परमिट प्राप्त करने वाले भारतीयों तथा चीनी छात्रों के ठहरने की दरों** पर नज़र डालने से पता चलता है कि कनाडा, जर्मनी ऑस्ट्रेलिया न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और जापान सहित लगभग हर OECD देश में भारतीयों की **प्रतिधारण दर चीनियों की तुलना में काफी अधिक** है।
  - भारतीय छात्रों की निवास की दर **समग्र अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या** की तुलना में **अधिक** है।

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD):

- **परिचय**: OECD एक **अंतर-सरकारी आर्थिक संगठन है** जिसकी स्थापना आर्थिक प्रगति और विश्व व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिये की गई है।
- अधिकांश OECD सदस्य उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत अधिक है और उन्हें विकसित देश माना जाता है।
- **स्थापना**: 1961
- **मुख्यालय**: पेरिस, फ्राँस
- **कुल सदस्य:** 38
- OECD में हाल ही में शामिल हुए देश हैं- **कोलंबिया (अप्रैल 2020 में) और कोस्टा रिका (मई 2021 में)।**
- **भारत इसका सदस्य नहीं है** बल्कि एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है।
  - OECD द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट और सूचकांक:
  - सरकार,एक नज़र में
  - OECD बेहतर जीवन सूचकांक।

प्रवासन के प्रकार:

- **आवागमन पैटर्न के आधार पर**
  - **क्रमिक प्रवास:** इसका तात्पर्य छोटी बस्ती और छोटे पैमाने से प्रवासन शुरू होकर आगे के वर्षों में बड़े पैमाने पर शहरी पदानुक्रम की ओर

पलायन करना है। जैसे कि जंगली क्षेत्र से गाँव, फिर शहर और बाद में उपनगर (यदि उपलब्ध हो) तथा अंत में शहर की ओर जाना।

- **चक्रीय प्रवासन:** कम-से-कम एक प्रवास और वापसी के साथ मूल व गंतव्य के बीच चक्रीय प्रवासन अनुभव।
    - **मौसमी प्रवास**, चक्रीय प्रवास का एक बहुत ही सामान्य रूप है, यह ज़्यादातर कृषि क्षेत्र में जहाँ श्रम की मांग हो, मौसमी घटनाओं द्वारा संचालित है।
    - **रिटर्न माइग्रेशन** एक बार के उत्प्रवास को संदर्भित करता है तथा मेज़बान क्षेत्र के बाहर विस्तारित प्रवास के बाद लौटता है।
    - **शृंखला प्रवास:** जीवन चक्र के विभिन्न चरणों में परिवारों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास, जो बाद में लोगों को उनके गृह स्थान से इस नए स्थान पर लाता है।

- **निर्णय लेने के दृष्टिकोण के आधार पर:**
    - **स्वैच्छिक प्रवासन**: किसी व्यक्ति की स्वतंत्र इच्छा, पहल और बेहतर स्थान पर रहने एवं अन्य कारकों के बीच अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करने की इच्छा के आधार पर।
    - **अनैच्छिक प्रवासन**: कुछ प्रतिकूल पर्यावरणीय और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण किसी व्यक्ति को अपने गृह क्षेत्र से बाहर निकलने के लिये मज़बूर होने के आधार पर।
- **अवधि के आधार पर:**
    - **स्थायी प्रवासन:** जब लोग लंबी अवधि के लिये रहने हेतु लंबी दूरी पर दूसरे स्थान पर प्रवास करते हैं, तो इसे स्थायी प्रवास कहा जाता है। उदाहरण के लिये एक व्यक्ति नौकरी के बेहतर अवसरों के लिये सतना (मध्य प्रदेश) से गुरुग्राम (हरियाणा) चला गया और उसने वहीं बसने की योजना बनाई। इस प्रकार के प्रवास को स्थायी प्रवास माना जाएगा।
    - **अस्थायी प्रवासन:** यह एक ऐसे देश में प्रवास है जिसमें स्थायी रूप से रहने का इरादा नहीं होता, इस तरह का प्रवास निर्दिष्ट और सीमित अवधि के लिये आमतौर पर एक विशिष्ट उद्देश्य के लिये किया जाता है।

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-migration-outlook-2022